NEWS18
हिंदी

## नकली गुटखा बनाने वाली फैक्ट्री में पुलिस की छापेमारी, अवैध सामान किया जब्त




**कटनी.** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में नकली गुटखा बनाने के गोरखधंधे का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है. माधव नगर थाना पुलिस ने बंगला लाइन इलाके में संचालित अवैध फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई करते हुए संचालक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके से गुटखा बनाने की मशीन, भारी मात्रा में तैयार नकली गुटखा, रैपर और अन्य सामग्री जब्त की है. शुरुआती जांच में सामने आया है कि नकली गुटखा बनाने का कच्चा माल कानपुर से मंगाया जाता था.

Source: https://hindi.news18.com/news/madhya-pradesh/katni-police-raid-a-factory-manufacturing-counterfeit-gutkha-local18-10657590.html